BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345




दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# 52वां रामायण मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जीबिशन समिति द्वारा आयोजित 52वां रामायण मेला नुमाइश मैदान में हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। रामायण मेला के प्रधान संयोजक गोविंद राठी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 52वे रामायण मेला के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, विशेष अतिथि पुलिस कमिश्नर सी वी आनंद एवं ब्रिज गोपाल भूतड़ा ने श्रीराम जी का तिलक व आरती कर श्री राम जी का राज्याभिषेक किया। आतिशबाजी के मध्य रावण, मेघनाथ एवं कुंभकरण के विशालकाय पुतलों का दहन हुआ। गोविंद राठी एवं मंच संचालक नंद गोपाल भट्टड ने जैसे ही रावण दहन की घोषणा की प्रदर्शनी प्रांगण गगन भेदी जयकार से गूंज उठा। राजस्थानी प्रगति समाज एवं मेला संयोजक गोविंद राठी, गिरधारी लाल डागा, मनोज जायसवाल एवं सुमित राठी ने मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय एवं पुलिस कमिश्नर सी वी आनंद एवं ब्रिज गोपाल भूतड़ा, एग्जिबिशन समिति के उपाध्यक्ष के निरंजन, मंत्री बी सुरेंद्र रेड्डी, इकोनामिक कमेटी के अध्यक्ष गंगाधर राव, मंत्री जीव रंगा रेड्डी, कोषाध्यक्ष वंशी तिलक, राजेश्वर यादव, अश्विन मार्गम, श्याम सुंदर मुंदड़ा, रमेश बंग, अरुण बांगड़िया, प्रेम सिंह राठौड़, अमृत कुमार जैन, अनुराधा जाजू, ब्रिज गोपाल असावा, करोड़ीमल नरसिंहपुरिया, कैलाश डालिया, सुरेश चंद्र जैन, देवेंद्र कीमती,पारसमल कोठारी, जिग्नेश दोषी, सोहनलाल कड़ेल,पवन गुरु, सतीश काबरा, शील कुमार, गौतम, वेंकटेश्वर राव, रूपेंद्र प्रसाद का स्वागत शाल पहनाकर किया गया। इसके पूर्व समिति के उपाध्यक्ष के निरंजन, मंत्री सुरेंद्र रेड्डी, प्रभाशंकर, राजेश्वर यादव, हनुमंत राव, गोविंद राठी, शकुंतला नावंदर ने 5:30 बजे शमी पूजन के साथ दशहरा मेले का विधिवत शुभारंभ किया। प्रदर्शनी प्रांगण में 6:30 बजे तेलंगाना कल्चर डिपार्टमेंट के सौजन्य से कल्चरल टीम द्वारा प्रेरनी नृत्य, अगुढोल आदि नृत्य के माध्यम से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात गोविंद राठी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि 52 वर्ष से राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिबिशन समिति द्वारा रामायण मेले का आयोजन होता आ रहा है और इसके अंतर्गत पांच दिवसीय गरबा डांडिया का आयोजन भी होता है और हमें समिति का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। अनुराधा जाजू ने अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि हमें आज के इस युग में राम जी जैसे बनना है और रावणो का विनाश करना है। पुलिस कमिश्नर सी वी आनंद ने अपने संबोधन में सभी को दशहरा की शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि सभी को श्री राम जी जैसा बनना चाहिए और आपस में प्रेम भाव से रहना चाहिए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को राम जी के आदर्श अपना कर आगे बढ़ाना है और देश को भी प्रगति की ओर ले जाना है। मानव झांकी की परामर्शदाता कलावती जाजू तथा संयोजिका का श्याम नावंनदर, सुरेखा सारडा, पेमलता के नेतृत्व में राम दरबार की मानव झांकी का आयोजन किया गया। मेला समिति के गिरधारी लाल डागा, मनोज जायसवाल, श्रीनिवास लोया, घनश्याम तोषनीवाल, सुमित राठी ने आए सभी भक्तों को शांतिपूर्वक इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

नंद गोपाल भट्टड एवं कलावती जाजू ने रावण दहन का आंखों देखा हाल सुनाया। अंत में मेला के प्रधान संयोजक गोविंद राठी ने एग्जिबिशन समिति के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया तथा आर एंड बी डिपार्टमेंट, इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट पुलिस विभाग, प्रेस एवं मीडिया को धन्यवाद दिया।




## तेरापंथ भवन में नवरात्रि जप अनुष्ठान व दस प्रत्याख्यान का समापन



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या शासन श्री साध्वी श्री शिवमाला जी, साध्वी श्री अमितरेखा जी, अर्हमप्रभा जी व रत्नप्रभा के पावन सानिध्य में तेरापंथ महिला मंडल, हैदराबाद के तत्वावधान में 03 से 12 अक्टूबर तक सुबह व शाम को नवरात्रि जप अनुष्ठान दस दिन चला। नवरात्रि जप अनुष्ठान के शुभ आयोजन का आज मंगल समापन हुआ। अध्यक्ष कविता आच्छा ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित की व मंत्री सुशीला मोदी ने साध्वियों के प्रति कृतज्ञता व धर्म प्रेमी श्रावक श्राविकाओ के प्रति आभार ज्ञापन किया। कर्म निर्जरा, शरीर रक्षा कवच व आत्मकल्याण के इस अनुष्ठान के उपक्रम में प्रतिदिन लगभग 200 श्रावक-श्राविकाओ की उपस्थिति रही। नवरात्रि के इस जप अनुष्ठान के साथ साथ लगभग 60 श्रावक श्राविकाओ ने दस प्रत्याख्यान में अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। जाप और अनुष्ठान का प्रयोग बहुत ही सफल सफलतम रहा।

## सिकंदराबाद दादावाड़ी में मनाया गया दशहरा महापर्व



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद दादावाड़ी में शनिवार को आयोजित वर्षीतप के तपस्वीयो ने आज दशहरा महापर्व भक्तों ने पूजा, डाडियों के नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। दादावाड़ी ट्रस्ट के मानद मंत्री जैन रत्न मानिकचंद समदड़िया ने विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के संयोजक सज्जनराज भण्डारी थे। सर्व श्रेष्ठ डाडियो के कलाकारों प्रस्तूती पुरुष्कृत किया। सज्जनराज अभय पुरब कोठारी, कान्तीलाल बागरेच-ाने, अतिथी दादावाडी के अध्यक्ष सुरेन्द्र बाठिया एवं श्री राजस्थानी जैन श्वेतांबर संघ के अध्यक्ष योगेश कुमार गांधी, माणिकचंद समदरिया को सम्मानित किया गया। दादावाडी के ट्रस्टी सुभाष गोलेच्छा, अशोक लुणावत, रणजीत चोधरी, मदनचंद लुणावत, अभय कोठारी, प्रतीक पारेख, राजेंद्र सुराणा, अनिल तातेड, सुरेन्द्र कटारिया, भरत मेहता, नवरत्न मखाणा, विनोद सोनी, कांतिलाल बागरेचा ललित बेद, महावीर तातेंड, सतीन भण्डारी, रमेश लुणावत, अशोक मुथा, अनिल मेहता, मनोज डागा,ललित गुगलिया, संजय मुथा, संजय पगारीया, प्रदीप नाहटा, संदीप टपरावत, कीशोर गादिया, धनपत परमार, भागचंद डोसी, चन्दरेश डोशी, कैलाश गान्धी, निर्मल गुन्द-चा, कमलेश बोरा, राजेंद्र सोलंकी, निर्जन शाह, यश स्यामसुखा, नवीन कोठारी.आदि कार्य कर्ता ने समारोह को भव्य बनाया।

## प्रज्ञा गौशाला एक शाम माताजी के नाम जागरण सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कुकड़पली प्रगति नगर स्थित श्री प्रज्ञा गौशाला के तत्वावधान में विशाल जागरण व महाप्रसादी का भव्य रूप से आयोजित किया गया।

जगदीश सीरवी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजेश भायल ने बताया कि हर वर्ष की भांति भव्य विशाल जागरण व महाप्रसादी का आयोजन भक्तों के सानिध्य में किया गया।

सर्व समाज मारवाड़ी मित्र मंडल श्री प्रज्ञा गौशाला में माताजी का भव्य पंडाल सजाकर पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर जागरण के कार्यक्रम में भजन गायक संदीप सेजू दूडौड़, गौतम प्रजापत ने देर रात तक भजनों के पुष्प अर्पित किये। सभी समाज बन्धुओं व भक्तों ने नाचते-गाते लाभ लिया।

आयोजकों सर्व समाज मारवाड़ी मित्र मंडल प्रज्ञा गौशाला में सभी गौभक्त ने चढ़ बढ़कर दान पुण्य का लाभ लिया। महाआरती के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## बजरंग सेना तेलंगाना ने किया शस्त्र पूजा का आयोजन




**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बजरंग सेना तेलंगाना ने हैदराबाद के काचीगुडा स्थित अपने राज्य कार्यालय में आयुध (शस्त्र) पूजन का आयोजन किया। पारंपरिक समारोह बहुत उत्साह के साथ आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शक्ति, एकता और सुरक्षा के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करना था। अनुष्ठान और प्रार्थनाएँ की गईं इस अवसर के महत्व को सम्मान दिया गया, तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर एनआर लक्ष्मण राव अध्यक्ष, विनय तिवारी सलाहकार, संजय कुमार उपाध्यक्ष, मनोज मोगलगिड्डी शहर अध्यक्ष, अभिनय तिवारी, कोने राघव, नरेश, बालाजी हिवारे, संजय वाडीकर, तरनजीत सिंह व अन्य पूजा में शामिल हुए।

## अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की 48 वीं बैठक समाज कार्यालय राघव रत्ना टॉवर में आयोजित की गई। एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति रविवार कमेटी की बैठक 11 बजे से 1 बजे तक होती है जिसमे अभिभावक गण अपने बालक एवं बालिकाओं के बायोडेटा जमा कर उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान ले सकते हैं। कमेटी द्वारा व्हाट्सप में एक ग्रुप एएमडीसी केवल बायोडाटा का बना हुआ है जिसमे उन सभी लड़कियों के जिनके बायोडेटा समाज में उपलब्ध हैं केवल उन्हीं के अभिभावक गण उस ग्रुप के सदस्य हैं तथा सभी बालकों के बायोडेटा फोटो सहित ग्रुप में उपलब्ध है। लड़कियों के अभिभावक गण उस ग्रुप में देखकर अपनी लड़की के लिए उचित लड़का ढूँढ सकते हैं । पहली बार यह ग्रुप बनाया गया है जो काफ़ी उपयोगी सिद्ध हो रहा है । सभी अग्रबंधुओं से आग्रह है अपने अपने विवाह योग्य बालक बालिकाओं के बायोडेटा समाज में जमा करवायें । व्हाट्सप ग्रुप के बारे में जानकारी कमेटी के किसी भी सदस्य से ली जा सकती है । कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल के घर पर भी बायोडेटा जमा करके उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान लिया जा सकता है । रोज़ाना 12 बजे से 5 बजे तक अपने निवास बंजारा हिल्स पर वे उपलब्ध है । उनसे फ़ोन नंबर 9396222880 पर बात कर समय लेकर संपर्क किया जा सकता है । कमेटी में उपलब्ध बायोडेटा में समाज के इस सत्र अर्थात् 13 महीने में 142 रिश्ते नक्की हुए हैं । बैठक में अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमिटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सतीश कुमार अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अशोक कुमार दादरीवाले, समाज के आक्यूपंचर के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेखा एवं बालक बालिकाओं के अभिभावक गण उपस्थित थे।

# मां ब्राह्मणी का जागरण सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सिखवाल ब्राहमण समाज में वशिष्ठ गौत्र के ओझा, उपाध्याय, माणमिया, पुरोहित परिवारों की कुलदेवी मां श्री ब्राह्मणी माता का भव्य जागरण ऋषी श्रृंग भवन फीलखाना में संपन्न हुआ। माता की आरती के पश्चात प्रमुख भजन गायक श्याम तिवारी एवं पार्टी द्वारा मधुर वाणी में भक्तों को माताजी के भजनों का रसपान करवा माता के भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में वशिष्ठ गौत्र के अलावा भी भारी संख्या में समाजबंधू उपस्थित थे। भजन गंगा में समाज बंधुओं ने नृत्य करते हुए भजनों को भरपुर आनंद लिया। इसी क्रम में महिलाओं तथा युवाओं ने भी माताजी की चोकी के आगे गरबा करते हुए माता की भक्ति की। रात 1 बजे आरती के पश्चात फलहारी प्रसाद वितरण किया गया। जागरण रात्रि 2 बजे तक चला। अगले दिन दोपहर महिलाओं ने समुधुर भजनों की प्रस्तुति दी तथा संध्या आरती के पश्चात प्रसादी एवं कन्यापूजन का आयोजन हुआ, जिसमें सेकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया। उत्सव समिति ने सभी पधारे हुए भक्तो तथा आयोजकों प्रयाजकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# एक शाम माताजी के नाम जागरण सम्पन्न

**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बंडलागुड़ा,चिरीयाला स्थित श्री आईजी सेवा संघ के तत्वावधान में प्रथम विशाल जागरण व महाप्रसादी का आयोजन भव्य रूप से किया गया। जगदीश सीरवी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष भगाराम मुलेवा, सचिव चेलाराम भायल, बाबूलाल मुलेवा ने बताया कि हर वर्ष की भांति दूसरा विशाल जागरण व महाप्रसादी का आयोजन भक्तों के सानिध्य में गया। माताजी का भव्य पंडाल सजाकर, पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर भजन गायक सीरवी भेराराम सैणचा बगड़ी नगर ने देर रात तक भजनों के पुष्प अर्पित किये। सभी समाज बन्धुओं व भक्तों ने नाचते-गाते लाभ लिया।



कार्यक्रम में पधारे श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, सह सचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायण लाल परिहार, सीरवी समाज पारसीगुटा बडेर अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, शिक्षा कमेटी सचिव चेलाराम भायल, सचिव सोहन सिंह राजपुरोहित ने सम्मानित अतिथियों, विभिन संस्थाओं के पदाधिकारियों का व मुख्य अतिथि सीरवी समाज के समस्त आयोजकों श्री आईजी सेवा संघ अध्यक्ष व सचिव द्वारा विशेष सम्मान किया गया।



पधारे भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीरवी समाज श्री आईजी सेवा संघ अध्यक्ष भगाराम मुलेवा, सचिव चेलाराम भायल, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मुलेवा, मंगलाराम पंवार, भंवरलाल मुलेवा, मोतीलाल काग, ओमप्रकाश हाम्बड़, ढगलाराम सेपटा, नारायण लाल परिहार, चेनाराम परिहार के साथ समस्त कार्यकारणी सदस्य का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम की विशेष कवरेज पत्रकार जगदीश सीरवी ने किया। महाआरती के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



राजस्थानी प्रगति समाज के दशहरा मेला में शामिल हुए मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ कांग्रेस नेता एनके सिंह।

# श्री ओसिया माता मंदिर मे भंडारा का आयोजन

**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री सच्चियाय संघ हैदराबाद द्वारा किशनबाग अत्तापुर श्री सच्चियाय (ओसिया) माता मंदिर मे नवरात्री महोत्सव अंतर्गत महाप्रसाद (भंडारा) कार्यक्रम भव्यता एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।


आज यहां श्री सच्चियाय संघ हैदराबाद द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में संघ के दुलीचंद नाहटा एवं संतोषदेवी नाहटा ने बताया गया कि श्री सच्चियाय संघ हैदराबाद द्वारा किशनबाग अत्तापुर मे श्री सच्चियाय माता मंदिर का भव्य निर्माण एवं प्रतिष्ठा गत 2 वर्ष पूर्व में किया गया था। नवरात्री महोत्सव अंतर्गत मंदिर में गुरुवार 3 से 12 अक्टूबर तक प्रतिदिन पूजा, पाठ, प्रातः एवं रात्रि आरती, रात्री भक्ति का भव्य आयोजन किया गया था। 12 अक्टूबर को दोपहर 11 से सायं 4 बजे तक भंडारा (प्रसाद) का आयोजन रखा गया। आयोजित कार्यक्रम मे दुलीचंद नाहटा, संतोष नाहटा, निर्मल प्रेम नाहटा, डॉ. अरविंद, मोनीता नाहटा, विपिन अकांशा नाहटा, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी कमलेश महाराज, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, समाजसेवी करण सिंह बैद एवं अन्य उपस्थित थे।



अवसर पर उपस्थित भक्तो को मंदिर के न्यासी दुलीचंद नाहटा ने बताया गया कि जोधपुर (राजस्थान) से 50 किलोमीटर दूर ओसियां गांव मे एक पहाडी पर श्री सांचिया (सच्चियाय / ओसिया) माताजी (जैन, महेश्वरी, राजपूत और कई हिन्दुओ की कुलदेवी) पौराणिक मंदिर की पुजा हजारों वर्षों से की जाती है।

अरविंद नाहटा ने कहा कि श्री सच्चियाय (ओसिया) माताजी के दिव्य आशीर्वाद से उनका राजसी मंदिर (दक्षिण भारत मे अपनी तरह का सबसे बडा और पहला) अब हैदराबाद मे है और गत दो वर्ष पूर्व प्रतिष्ठा से अबतक 3 लाख से भी भक्तों ने मंदिर मे दर्शन वन्दन का लाभ लिया है। मंदिर का निर्माण 2017 मे अमरबंदजी वसा. श्री झमकू मासा, श्री दुलीचंदजी और संतोष वाईसा की पावन प्रेरणा से प्रारंभ किया गया था। स्वामी कमलेश महाराज ने मंदिर मे स्थापित माता की प्रतिमा के दर्शन कर कहा कि ऐस लगता है जैसे स्वयम माताजी यहाँ पर साक्षात बिराजमान और इस मंदिर मे यहाँ पर जो भी सच्ची श्रद्धा, भक्ती से आयेगा उनकी मनोकामना सच्चियाय माँ अवश्य पूरी करेगी। भाग्यनगर की धरती के एक छोर पर बारमीनार मे भाग्यलक्ष्मी माता, वशीरबाग मे नाग गगन पहाड मे अंबिका एवं पद्मावती माता, जुब्ली हिल्स मे पेद्दम्मा गुडी, बलकमपेट मे येलम्मा मंदिर, मेडवल मे श्री उमिया माता मंदिर, किशनबाग मे श्री ओसिया माता मंदिर आदि अनेको माता के मंदिर काफी प्रचलीत हुआ है जिसमे माता रानी की शक्ति और भक्तो की भक्ती का नजारा देखने को मिलती है। इससे एसा लगता है कि माँ की पूजा किसी भी स्वरूप में अवश्य करनी चाहिए। विपिन नाहटा ने आगे कहा कि मंदिर परिसर में कुल 7 परिसर है जिसमे श्री सच्चियाय (सांचीय) माता मंदिर, श्री शीतला माता मंदिर (स्वयभू), भजन हॉल, डायमंड पैलेस, अन्नापूर्णा हॉल, अन्नपूर्णा किचन, गंगा वावडी मे ओसिया उद्यान है। इस वर्ष नवरात्री सप्तमी के पावन अवसर पर बडी संख्या में भक्तो द्वारा माता के दरबार मे अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष नारियल बांधे गये और गत 3 दिनो में अनेको भक्तो को अपने जीवन मे चमत्कार देखने को मिला जो कि वास्तव मे अद्भुत है।

# नगरद्वय मे विराजित गुरु भगवंतों से भेंट कर लिया आशीर्वाद



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जैन संस्कार वाटिका के संस्थापक ट्रस्टी मुकेश चौहान, आल इंडिया ओल्ड टेंपल रेनोवेशन ट्रस्ट के मंत्री रिद्धिश जागीरदार ने नगरद्वय मे विराजित गुरु भगवंत से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तेलंगाना की राजधानी भाग्यनगर के डीवीं कोलोनी स्थित श्री गुजराती श्वेताम्बर मूर्तिपुजक संघ में चातुर्मास विराजित श्री प्रेम भुवनभानु पद्म जयघोष राजेन्द्र हेमरत्नसूरिजी के शिष्य रत्न पूज्य पंन्यास प्रवर श्री विरागरत्न विजयजी म.सा., पुज्य मुनिराज श्री देवर्षीरत्न विजयजी म. सा. को आज दर्शन वंदन किए।

जिनशाशन जवाहर श्री जैन संस्कार वाटिका द्वारा आयोजित 400 दिवसीय वर्षीतप के 351 तपस्वी एवं अन्य 350 यात्री कुल 700 यात्रीयों का हस्तिनापुर शौरीपुरी कम्पीलपुर अहिच्छत्रा भरतपुर आगरा आदि तीर्थ यात्रा की जानकारी देकर निर्विघ्न यात्रा सम्पन्न होने पर आशीर्वाद लिया गया। यात्रा का आयोजन का लाभ खम्मादेवी शांतिलालजी चौधरी परिवार मांडवला वालों ने लिया। संस्कार वाटिका द्वारा वर्षीतप के तपस्वीयों को आगामी दिसंबर जनवरी महीने मे पालिताना, शंखेश्वर जीरावला, तारंगाजी, आगलोड, खम्भात, मणीलक्ष्मी आदि गुजरात राजस्थान के प्राचीन तिर्थो की यात्रा का कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की जानकारी देकर पुज्य गुरू महाराज से आशीर्वाद लिया गया। रसुलपुरा सिकंदराबाद मे चातुर्मास विराजित परम पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय राजतिलक सुरिश्वरजी म.सा. के शिष्यरत्न श्री मोक्षतिलक विजयजी म.सा., श्री तीर्थतिलक विजयजी म.सा. आदि ठाणा के भी दर्शन वंदन कर यात्रा संबंधित जानकारी देकर आशीर्वाद लिया गया। पुज्य मुनि श्री मोक्षतिलक विजयजी म.सा. ने पालिताना शंखेश्वर की यात्रा मे प्राचीन शंखलपुर, बहुचरा आदि तिर्थो के दर्शन हेतु प्रेरणा दी।

# बिहार सहयोग समिति की दुर्गा पूजा सम्पन्न

**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार सहयोग समिति तेलंगाना का 42 वां दुर्गा पूजा महोत्सव दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मल्काजगिरी में बिनय कुमार यादव कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ।



जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति के महासचिव सागर भगत ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बिहार महिला एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिता भगत कि टीम ने बच्चों का डांस प्रस्तुत किए और डांडिया,फिर कल्ष यात्रा पेश किए। शुशील ओझा कि टिम ने जागरण किए। लल्लन मिश्रा, राकेश रजक द्वारा अन्नदनम कराया गया। इस मौके पर इस मौके पूर्व एमएलसी रामचंद्र राव अपने पुरे टीम के साथ आकर माता कि दर्शन किए और मंदिर बनाने में पुरा सहयोग देने का आश्वासन दिये एवं मल्काजगिरी के कारपोरेटर श्रवण कुमार ने भी अपने पुरे टीम के साथ आकर दुर्गा माता कि दर्शन किए और भाजपा सिनीयर लीडर साईं कुमार महेश कुमार ने अपने पुरे टीम के साथ आकर माता कि दर्शन किए। जन सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल रावत, राधेश्याम राय, बिहार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह, भरत सिंह, जितेन्द्र सिंह, उत्तर भारतीय जन सनातन संघ के पाठक जी, अश्विन कुमार, उत्तर भारतीय जन कल्याण संघ के प्रदिप राय, रविन्द्र गिरी कलम-दवात सुनील श्रीवास्तव, लछमन श्रीवास्तव एवं बिहार,युपी, झारखंड एवं तेलंगाना के भारी मात्रा में गणमान्य लोगों ने आकर माता के दर्शन किए और प्रोग्राम का आंनद उठाया। आए हुएलोगों का सम्मान समिति के पदाधिकारी द्वारा किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश्वर भगत, जयनाथ सिंह,सुभाष यादव शम्भू नाथ भगत चंद्र देव सिंह, गया नंदराय का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष मनोज यादव,दिपक यादव,बिवेश झा, सहसचिव सुनील भगत, हरे राम यादव, कोशा अध्यक्ष लल्लन मिश्रा,दिपक गुप्ता, प्रोग्राम इंचार्ज मनोज भगत,जय प्रकाश भगत, शिव कुमार यादव, उत्तम यादव,पंकज यादव, बिजेंद्र गुप्ता,पंचम भगत, हरिश यादव, मनोहर भगत,गोपाल भगत, शुशील ओझा, सतीश यादव, सुनील ठाकुर,सुरज यादव,शुशील कुमार, राजेश खन्ना, युवा कार्यकर्ता गुलशन कुमार, मनीष यादव, प्राण यादव, एवं भारी मात्रा में युवा कार्यकर्ता ने सहयोग दिया।

# राधे राधे ग्रुप का अन्नदान जारी

**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से जारी नित्य अन्नदान सेवा का पर्याय बन रहा है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन के पास रविवार को एकादशी को अन्नदान किया गया। आज की सेवा कन्हैयालाल किशनलाल तायल परिवार एवं सुचि गुप्ता और मधु अग्रवाल परिवार की तरफ से किया गया। राधे राधे ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है।



इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, सयुश अग्रवाल, वंश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय अग्रवाल, महेश अग्रवाल, भगतराम गोयल, तीना मीना, दिनेश गोएल, कुसुम गोयल, नयन संघी, नमन संघी, रीथी संघी, शोभा गुप्ता,बबीता गुप्ता,अनीता नाथानी, शिनु बंसल, सुचि गुप्ता, द्रुव गुप्ता, मधु अग्रवाल, अलका मिंडा, कुन्श अग्रवाल, महित अग्रवाल ताक्ष अग्रवाल एवं आध्या अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव ने हैदराबाद के नामपल्ली स्थित प्रदर्शनी मैदान में हरियाणा के राज्यपाल द्वारा आयोजित अलाई बलिया कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर करीमनगर के सांसद और केंद्रीय मंत्री बंडी संजय भी कार्यक्रम का हिस्सा थे। इस अवसर पर बंडारू हरि, नरेश, कौशिक, अविनाश देवड़ा और अन्य मौजूद थे।

# डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव को मिला इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड-2024

**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद की सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कहानीकार, शिक्षाविद और हिंदी व संस्कृत की विद्वान डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव को भव्या फाउण्डेशन, जयपुर (राजस्थान) की ओर से इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। फाउण्डेशन की ओर से यह अवार्ड सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर के कालिंदी सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में उन्हें प्रदान किया गया। यह अवार्ड उन्हें शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव के तीनों कहानी संग्रह : दर्द के रिश्ते, वह सब झूठ था और तुम भी... देश में बहुचर्चित हैं। इस समारोह में देश और विदेश के लगभग 200 से अधिक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर इसकी शोभा बढ़ायी है। भव्या फाण्डेशन के संस्थापक श्री शैलेंद्र माथुर और निदेशक डॉ. निशा माथुर के अनुसार देश और विदेश से आये हुए अतिथियों ने कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। समारोह में अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में ईश्वरचंद पुरुषोत्तम दास भावसार गुजरात, संजय दत्त माथुर, डॉ. रामजी चंद्रवाल, अशोक गुप्ता, डॉ. शालिनी अगम, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. जितेंद्र प्रसाद माथुर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन भी रहा। सम्मेलन में साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा, शिक्षा, कला, ज्योतिष, उद्यम, कृषि, फ़िल्म, फैशन और अन्य विशेष मुकाम हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।



## हिन्दू संरक्षण समिति का 47वाँ रावन दहन कार्यक्रम सम्पन्न

# मर्यादा में रहकर कानून का सही पालन करना ही धर्म है : सूरेपल्ली नंदा




**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिन्दू संरक्षण समिति भाग्यनगर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े भव्यता के साथ विजयदशमी महोत्सव पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन पुराने शहर स्थित विजय मैदान, कुली कुतुब शाह स्टेडियम, सिटी कालेज के पास समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 47वां रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्रीमती सुरेपल्ली नंदा, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शहर क्षेत्र प्रचारक श्रीराम भरत कुमार,अतिथि प्रशांत कुमार, वक्ता महंत अरुण दास महाराज (उदासीन मठ) तथा श्रीमती मेघा रानी अग्रवाल उपस्थित थे। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा आदिशक्ति मां जगदम्बा तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन व शस्त्र पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे श्री श्री राम भरत कुमार ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी की जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन को भगवान राम के पदचिह्नों पर चलने का अनुरोध करते हुए सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दी व श्रीधाम अयोध्या में प्रभुश्री राम लल्ला को स्थापित होने व मंदिर बनने की बधाई देते हुए रामराज्य स्थापित करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर मेघा रानी अग्रवाल ने नारी सम्मान से ही समाज का उत्थान तथा शक्ति पूजन सफल होने का परामर्श दिया। वक्ता महंत अरुण दास महाराज ने सभी की मंगल कामनाएं करते हुए दशहरे की शुभकामनाएं दी ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय कर न्यायाधीश श्रीमती सूरेपल्ली नंदा ने भारत माता की जय घोष के साथ सभी नगरवासियों को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवानश्रिी राम के जीवन का अनुरूसरण कर बड़ों का सम्मान तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने संस्था के संस्थापकों को याद करते हुए सभी भक्तों का 47वें रावण दहन कार्यक्रम विजयदशमी महोत्सव में स्वागत किया तथा उपस्थित लोगों को संस्था के 52 वर्ष के इतिहास में सुरक्षा, विकास, विश्वास और आध्यात्मिकता के साथ सनातन धर्म की रक्षा के लिए समिति के कार्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सहयोगियों, अतिथिगणों, पुलिस अधिकारियों, कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। सभी अतिथियों ने मिलकर भगवान श्री रामचंद्र जी के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में उपस्थित नगरवासियो के बीच रावण के पुतले का दहन किया। विजयदशमी महोत्सव के 47वें रावण दहन कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका अग्रवाल व नेहा अग्रवाल ने किया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आतिशबाजी राजकमल भट्टड़, अनूप अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, तरुण अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सर्वश्री श्रीमती अंजलि अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, मृणाल सिंघनोडिया, रमेश अग्रवाल, राजेश कुमार, हैदराबाद बंगाली दुर्गा उत्सव कमेटी के अमर मुन्ना, मुझतोजना व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का किया दौरा




**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के प्रगति मैदान के भारत मण्डपम में पीएम गति शक्ति के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय वृहद योजना मल्टीमॉडल परिवहन एवं यातायात क्षेत्र की परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन के लिए एक नई पहल है, जिसमें सभी संबंधित विभाग पूरे आंकड़ों के साथ परियोजनाओं का निर्धारण और क्रियान्वयन करते हैं इससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन साल पहले आज ही के दिन पीएम गतिशक्ति पहला लागू करने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने इसकी तीसरी वर्षगांठ पर आज भारत मंडपम में स्थापित पीएम गतिशक्ति अनुभव केंद्र का दौरा किया जिसमें इस पहल के बाद तमाम पर यह परियोजनाओं के नियोजन और क्रियान्वयन की झांकियां प्रस्तुत की गई हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि अनुभूति केंद्र पीएम गतिशक्ति की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्धियों और मील के पत्थर को प्रदर्शित करता है। सरकार का कहना है कि श्री मोदी ने पीएम गतिशक्ति के प्रभाव के कारण देश भर में परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में हुई प्रगति की सराहना की।

उन्होंने सभी क्षेत्रों में इसे अपनाने की सराहना की, जिससे विकसित भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने में गति मिल रही है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति प्रणाली के तहत अब तक 15.39 लाख करोड़ की 200 से अधिक परियोजनाओं का नियोजन और क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवधारणा को अब जिला स्तर पर ले जाने के लिए औद्योगिक एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईटी) पायलट परियोजनाएं शुरू कर रहा है। नेपाल और श्रीलंका ने भी प्रधानमंत्री गतिशक्ति एप्लीकेशन के उपयोग के लिए भारत सरकार के साथ करार किए हैं।

## हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक बने अमित शाह



**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए श्री शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह से पार्टी संसदीय बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजनीतिक हलकों में श्री शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने को आश्चर्य से देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है जब श्री शाह को किसी राज्य विधानसभा के चुनाव के बाद भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। इससे यह संकेत भी मिल रहा है कि हरियाणा में नई सरकार में नए और अप्रत्याशित चेहरों को जगह मिलने की संभावना है।

## हार की हताशा में हाहाकारी तमाशा में जुटी कांग्रेस: नकवी



**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि हार की हताशा में हाहाकारी तमाशा में जुटी कांग्रेस, नफ़रती रंजिश में नकारात्मक बंदिश की बंधक बन गई है।

श्री नक़वी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रवादियों को आतंकवादी और राष्ट्र विरोधियों को राष्ट्रवादी के सर्टिफिकेट का मल्टीनेशनल वितरण सेंटर बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से कुनबे की सनकी नफ़रत, कांग्रेस की सियासी मुसीबत बनती जा रही है। श्री नक़वी ने कहा कि अपने आंगन के कंटक को अखाड़े का संकट साबित करने मे लगी कांग्रेस का अपने आंगन की कलह का अखाड़े पर कोप और अंधाधुंध आक्रमण की आत्मसंतुष्टि की कोशिश अक्लमंदी नहीं अंहकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घर के घमासान का ठीकरा ईवीएम के व्यवधान पर फोड़कर आज भी आत्मचिंतन के बजाय आत्मसंतुष्टि में खुश है। इसे कहते हैं, नांच न आए आंगन टेढ़ा।

श्री नकवी ने संघ प्रमुख के उद्बोधन पर कांग्रेस की आलोचना पर कहा कि संघ प्रमुख के संविधान, संस्कार, संस्कृति, समरसता, सामाजिक सुरक्षा के सर्वस्पर्शी सशक्त राष्ट्रवादी संदेश पर ऐसे राजनैतिक पूर्वाग्रह से भरपूर उपदेश देने वालों की मूर्खतापूर्ण धूर्तता है, इसीलिए धूलधूसरित हो रही है। उन्होंने कहा कि छद्म सेक्युलर छलचंदों का राष्ट्रीय एकजुटता के संदेश पर भी सांप्रदायिक सियासी उपदेश, अधजल गगरी छलकत जाय, जैसी, मुहब्बत की दुकान में नफ़रत का सामान, से ज़्यादा कुछ नहीं है।

## कोलकाता में अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टर की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अनशन पर बैठे डॉक्टर अनुस्तूप मुखर्जी को पेट दर्द के बाद शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्रदर्शन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन रविवार को 10वें दिन में प्रवेश कर गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुखर्जी को शनिवार देर रात कोलकाता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। वह पिछले 48 घंटों में अस्पताल में भर्ती होने वाले तीसरे जूनियर डॉक्टर हैं।



मुखर्जी से पहले डॉ. अनिकेत महतो और डॉ. आलोक वर्मा क्रमशः आरजी कर अस्पताल और नॉर्थ बंगाल मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराये गये। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले चिकित्सक, 31 वर्षीय महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ उसके कार्यस्थल आरजी कर अस्पताल में कथित तौर पर बलात्कार और हत्या के बाद से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चिकित्सकों ने 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया, जिसमें महिला डॉक्टर की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को अनुकरणीय सजा और सरकारी अस्पतालों में कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों की गिरफ्तारी शामिल है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने की भी मांग की है। जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल, कल्याणी के लगभग 77 डॉक्टरों ने रविवार को जूनियर डॉक्टरों की मांगें नहीं माने जाने पर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की धमकी दी। आठ सरकारी अस्पतालों से जुड़े सैकड़ों वरिष्ठ डॉक्टर, शिक्षक और प्रोफेसर पहले ही जूनियरों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए सामूहिक इस्तीफा पत्र पर हस्ताक्षर कर चुके हैं और समूहों में वे एस्प्लेनेड में प्रदर्शनकारियों के साथ प्रतीकात्मक उपवास में भी शामिल हुए हैं।पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे का कोई कानूनी मूल्य नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने राज्य सचिवालय नबन्ना में मीडिया से कहा, इन सामूहिक इस्तीफों काकोई कानूनी मूल्य नहीं है। इस्तीफा नियोक्ता और कर्मचारी के बीच विशिष्ट सेवा नियमों के संदर्भ में चर्चा का विषय है। यदि कोई व्यक्ति सरकारी सेवा से इस्तीफा देना चाहता है, तो दिए गए सेवा नियमों के अनुसार, व्यक्ति को नियोक्ता को लिखना होगा। इस तरह के सामान्य पत्र की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। इस बीच, शहर के चार और निजी अस्पतालों- बीएम बिड़ला, वुडलैंड्स, पीयरलेस और कोठारी के डॉक्टरों ने आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों की मांगों के समर्थन में सोमवार और मंगलवार को गैर-जरूरी सेवाओं से दूर रहने की धमकी दी है।

## बिहार में अलग-अलग दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत

**पटना, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

बिहार में नालंदा, अररिया, भागलपुर और सारण जिले में पिछले 12 घंटे के दौरान अलग-अलग दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नालंदा और अररिया में चार-चार लोग, सारण में तीन और भागलपुर में दो लोगों की मौत हो गयी।

राजगीर से प्राप्त समाचार के अनुसार नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात दो बाइक के बीच हुयी टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये।मृतकों की पहचान राजन कुमार(22),शशि रंजन कुमार (35),सोनू कुमार (24) और बोस कुमार (22) के रूप में की गयी है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिये पटना भेज दिया गया है। अररिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी मोहम्मद कलीमुद्दीन के दो पुत्र अलकमा (12) और हनजला (09) रविवार को फ़रियानी नदी में स्नान कर रहे थे।इस दौरान दोनों गहरे पानी में डूब गये, जिससे उनकी मौत हो गयी। वहीं इसी थाना क्षेत्र में रानीगंज-भरगामा मार्ग राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 327ई पर बगुलाहा नहर के समीप शनिवार की देर रात अनियंत्रित बाइक के सड़क किनाने पेड़ से टकराने पर बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान रोहित मंडल (35) और कन्हैया लाल मंडल (45) के रूप में की गयी है।छपरा से प्राप्त समचार के अनुसार सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में सरिया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला की पहचान नहीं की जा सकी है। वहीं जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के शिकारपुर वार्ड नंबर 14 निवासी धर्मेंद्र कुमार (18) की कलश विसर्जन करने के दौरान गंगा नदी में डूबकर मौत हो गयी। एक अन्य घटना में एकमा थाना क्षेत्र के भुइली गांव में शनिवार की रात प्रतिमा विसर्जन में जुलूस के दौरान एक हाथी ने तारकेश्वर राय (45)को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। भागलपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के बुद्धुचक थाना क्षेत्र के बरोहिया गांव में रविवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबकर कृष्ण कुमार (12)



**अत्तापुर में सत्य नारायण कथा में भाग लेते हुए पंडित मनोज त्रिवेदी श्रीमाली, ओमप्रकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व अन्य।**




**दीवाली एवं करवाचौथ के उपलक्ष्य में आगामी बुधवार, 16 अक्टूबर से कच्छी भवन, रामकोट में आयोजित होने वाले स्टाइल इश्क प्रदर्शनी का पोस्टर लॉन्च करती हुईं समाज सेवी एवं महेश बैंक की निदेशक भगवती बल्दवा। अवसर पर अनुषा लुहाडिया, संगीता बंसल, शीला कनुनगो, रुचि मेहता एवं दीपा बंसल उपस्थित थे।**

## मंत्री प्रहलाद पटेल के बेटे का वीडियो वायरल, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**भोपाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

मध्यप्रदेश के कद्दावर मंत्री प्रहलाद पटेल के पुत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के राज में जनता मंत्री पुत्रों का आतंक झेलने को मजबूर है। प्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल से इस वीडियो को वायरल किया गया है। वीडियो में श्री पटेल के पुत्र प्रबल पटेल कथित तौर पर कुछ पुलिसकर्मियों को धमकाते हुए और उनसे दुर्व्यवहार करते हुए दिखाई दे रहे हैं।इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस के इस हैंडल पर वीडियो के साथ एक पोस्ट भी की गई है, जिसमें कहा गया है, जानते नहीं, पापा मंत्री हैं और हम दबंग। तुम्हारी वर्दी उतरवा देंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के बेटे प्रबल ने जबलपुर में बुजुर्ग दंपति को टक्कर मारने के बाद पुलिस वालों को इस अंदाज में धमकाया। भाजपा के राज में मंत्री पुत्रों का आतंक आमजनता झेलने को मजबूर है, पहले नरेंद्र शिवाजी पटेल, अब प्रह्लाद पटेल...कुर्सी की गर्मी का पूरा इस्तेमाल इनके बेटे अपनी दबंगई से कर रहे हैं। ये वीडियो जबलपुर को बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रबल पटेल ने जबलपुर के एक बाजार में पहले अपनी गाड़ी से एक डॉक्टर दंपति को टक्कर मारी और उसके बाद पुलिसकर्मियों से इस बात को लेकर दुर्व्यवहार किया। वीडियो में प्रबल का पुलिसकर्मियों के प्रति आक्रामक व्यवहार भी दिखाई दे रहा है। इसके पहले राज्य के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल पर भी पहले एक होटल संचालक दंपति के साथ मारपीट और इसी मामले में पुलिस के हस्तक्षेप करने पर पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप लगे थे।

तीन दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भाई और पार्टी विधायक लक्ष्मण सिंह के बेटे आदित्य विक्रम सिंह के बेटे का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे पुलिसकर्मियों से एक मामले को लेकर बहस करते दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो में आदित्य विक्रम सिंह सिगरेट का धुआं पुलिसकर्मियों पर उड़ाते हुए भी दिख रहे थे।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Pankaj Verma W/o Kamal Kant, R/o H.No.33, Railnagar Colony, Risala Bazar, Bolaram, Sec-bad-500010, have changed my name from **PANKAJ VERMA** to **PANKAJ**, vide Affidavit Dt.13-10-2024, before Sec-Bad Court

**ज्योतिष ASTROLOGY**
नाकौड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद.
संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No 15814567P Hav Vijai Narayan Yadav of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Father Name is to be changed from **SHRI RAM YADAV** to **SHREERAM YADAV**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 735563L R N MANIK of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my mother name is changed from **GITARANI MANIK** to **GEETARANI MANIK**.



क्लासिक कन्वेंशन-3 में आयोजित सौभाग्य इन्फ्रा डेवेलपर्स प्र.लि. द्वारा प्रस्तुत रंगताली नवरात्रि महोत्सव के आखिरी दिन माता की आरती करते हुए मृदुल अग्रवाल। डांडिया का आनंद लेते हुए लोग। कार्यक्रम में यह रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री नेहा स्वरूप ने भाग लिया एवं लोगों का उत्साह बढाया। अवसर पर आयोजक- अशीष शर्मा, कोमल शर्मा, मनोज इन्नानी, शरद कंडाला, जिगना मेहता व अन्य उपस्थित थे।

# सीएम रेवंत ने तेलंगाना परंपराओं के संरक्षण में अलाई बलाई की भूमिका पर दिया जोर



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देने और एकता का संदेश फैलाने के लिए एक मंच के रूप में अलाई बलाई उत्सव के महत्व को व्यक्त किया। हैदराबाद के नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में आयोजित अलाई बलाई कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम ने याद किया कि कैसे इस उत्सव ने तेलंगाना आंदोलन के दौरान लोगों को एकजुट करने में भूमिका निभाई थी।

सीएम रेवंत ने उल्लेख किया कि अलाई बलाई ने राजनीतिक संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के गठन में योगदान दिया था, जिसने राज्य के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सकला जनुला सम्मे में व्यापक भागीदारी जुटाने में मदद की। उन्होंने बताया कि यह उत्सव राजनीतिक सीमाओं से परे है और तेलंगाना की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं को एक साथ लाता है। मुख्यमंत्री ने पिछले 19 वर्षों से अलाई बलाई के आयोजन में उनके निरंतर समर्पण के लिए हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की सराहना की। उन्होंने उत्सव के माध्यम से तेलंगाना की पारंपरिक प्रथाओं को पुनर्जीवित करने और संरक्षित करने के दत्तात्रेय के प्रयासों की प्रशंसा की।

सीएम रेवंत ने कहा, जिस तरह पलापिट्टा (भारतीय रोलर पक्षी) और जम्मीचेट्टू (प्रोसोपिस वृक्ष) दशहरा के पर्याय हैं, उसी तरह अलाई बलाई हमें बंडारू दत्त-त्रेय की याद दिलाता है। मैं दत्तात्रेय गारू के उत्तराधिकारी के रूप में इस परंपरा को जारी रखने के लिए बंडारू विजयलक्ष्मी को बधाई देता हूं। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, तेलंगाना की तमिलिसाई सुंदरराजन, उत्तराखंड के गुरमीत सिंह, मेघालय के विजय शंकर, राजस्थान के हरिभाऊ किशनराव बागड़े और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी सहित देश भर के राज्यपाल भी मौजूद थे। सरकारी नेताओं और सार्वजनिक हस्तियों की भागीदारी के माध्यम से, सीएम रेवंत ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए तेलंगाना की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने की जिम्मेदारी को रेखांकित किया।



दशहरा के अवसर पर शनिवार को शिवालयम, लाल दरवाजा की महाशक्ति महिला सदस्यों उमा गोपीनाथ जोशी, प्रशांति, गीता, भवानी, स्वर्णा आदि ने रावण दहन में भाग लिया।

# न्यू हेमा नगर दुर्गा पूजा समिति का शारदीय दुर्गा पूजा का समापन



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जनक जननी मां सीता की जन्मभूमि मिथिला बिहार के मैथिल समाज द्वारा नवरात्र शारदीय दुर्गा पूजा भव्यता से मनाई गई। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि न्यू हेमानगर दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष अरुण झा, संस्थापक धीरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में मिथिला के प्रसिद्ध पंडित मणिकांत झा के देखरेख में मिथिलांचल विधि विधान द्वारा नवरात्र शारदीय 38वां दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नवरात्र के दौरान रंगारंग भजन एवं संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मैथिली परंपरागत भगवती गीत, विद्यापति गीत इत्यादि से श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया गया साथ ही शारदीय पूजा-आरती एवं अन्नदानम का कार्य किया गया, जिसमें शहर के सभी उत्तर भारतीयों एवं स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।

नगर निवासी समाज के सभी वर्गों ने अपने आराध्य मां भगवती की आराधना कर अपने सुखमय जीवन हेतु प्रार्थना किया। पिछले नौ दिनों से चला आ रहा यह शारदीय त्योहार आज मां शारदीय भगवती प्रतिमा के निर्मजन के साथ समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां भगवती को विदा किया। नवरात्र शारदीय पूजा की विहंगम भव्यता देखते ही बनता था । समिति के प्रमुख उदय झा, सोनू झा, रविंद्र झा, मुकेश झा, रोशन झा, दीपू झा, आनन्द झा, कन्हैया झा एवं दिलीप कुमार इत्यादि के सहयोग से यह महापर्व हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप में मनाया गया। मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया शारदीय महापर्व के अवसर पर शहर में विहंगम छटा देखते ही बनती थी। नगर के आगंतुकों मिथिला परिषद के अध्यक्ष, विनय कुमार झा, स्पेक्ट्रा ग्रुप के निदेशक, पंकज कुमार झा, बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह, सचिव, प्रभास कुमार, इत्यादि का आयोजकों द्वारा स्वागत किया।



हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बेस्ट तेलुगु फिल्म कार्तिकेय 2 के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर अभिषेक अग्रवाल का अभिनन्दन करते हुए स्वामी कमलेश महाराज, लव फॉर काऊ के जसमत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, रंजना शाह, भाग्यलक्ष्मी मंदिर की ट्रस्टी शशिकला, सूर्यप्रकाश।


# दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा का निधन



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)के पूर्व प्रो. जीएन साईबाबा (57) का हैदराबाद में निधन हो गया। इस साल मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने साईबाबा को माओवादी संबंधों को लेकर यूएपीए मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। इसके पहले उन्होंने 10 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया था। साईबाबा कई बीमारियों से जूझ रहे थे। साईबाबा डीयू के राम लाल आनंद कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। महाराष्ट्र पुलिस ने संदिग्ध माओवादी संबंधों में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 2014 में कॉलेज ने निलंबित कर दिया था।प्रोफेसर साईबाबा पिछले काफी समय से किडनी, ह्रदय व पेट संबंधी विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्होंने नागपुर सेंट्रल जेल अधिकारियों पर इलाज न कराने के गंभीर आरोप भी लगाए थे। साईबाबा ने बीते अगस्त में आरोप लगाया था कि शरीर का बायां हिस्सा लकवाग्रस्त हो जाने के बावजूद जेल अधिकारी उन्हें नौ महीने तक अस्पताल नहीं ले गए और उन्हें नागपुर सेंट्रल जेल में सिर्फ दर्द निवारक दवाएं दी गईं, जहां वह गिरफ्तारी के बाद से बंद थे। इसके चलते उनकी स्थिति और बिगड़ गई।

साईबाबा पिछले 20 दिनों से हैदराबाद के निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (निम्स) में भर्ती थे। 2014 में पूर्व अंग्रेजी प्रोफेसर ने दावा किया था कि उनकी आवाज को दबाने के लिए पुलिस ने पहले तो उनका अपहरण किया और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आंध्र प्रदेश के मूल निवासी साईबाबा ने कहा था कि उन्हें अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने माओवादियों से संपर्क खत्म नहीं किया तो उन्हें किसी झूठे मामले में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने दावा किया था कि महाराष्ट्र पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी एक जांच अधिकारी के साथ उनके घर गए थे और उन्हें और उनके परिवार को धमकी दी थी। साईबाबा ने यह भी आरोप लगाया था कि गिरफ्तारी के दौरान महाराष्ट्र पुलिस ने उन्हें व्हीलचेयर से खींच लिया, जिसके परिणामस्वरूप, उनके हाथ में गंभीर चोट लगी और इसका उनके तंत्रिका तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ा। साईबाबा जेल से रिहा होने के बाद व्हीलचेयर पर जब बाहर आए थे तभी से उनके गंभीर रूप से बीमार होने की बात कही जा रही थी।




# 52वें रामायण मेले में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने लगाया प्रदर्शनी काउंटर



**हैदराबाद, 13 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजस्थानी प्रगति समाज एवं एक्जीबिशन सोसाइटी द्वारा नुमाइश मैदान नामपल्ली में आयोजित 52वें रामायण मेला में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा प्रदर्शनी काउंटर लगाई गई। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में विभिन्न लोक कल्याणार्थ चलाए जा रहे कार्यक्रमों में तैयार की गई वस्तुओं को विक्रय एवं प्रदर्शनी के लिए रखा गया। ये वस्तुएं जेलों के कैदियों (अंतरक्रांति कार्यक्रम) तथा अन्य दिव्यांग नेत्रहीन लोगों (अंतर्दृष्टि कार्यक्रम) द्वारा संस्थान की सहायता से तैयार की जाती हैं। काउंटर का उद्घाटन रामायण मेला समिति के सदस्य समाजसेवी नन्द गोपाल भट्टड़ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



अग्रवाल स्कूल के 1977-78 बैच के सहपाठियों का दशहरा मिलन कार्यक्रम होटल ताजमहल में अयोजित किया गया। इस अवसर पर अनिल सूद, रामस्वरूप अग्रवाल, प्रकाश नारायण राठी, गोपाल शर्मा, दिलीप मित्तल, नरेश कुमार, राजेंद्र अग्रवाल, प्रदीप सिंह, दिलीप जैन, नवीन प्रकाश, वेदमित्र भोपे और राजेंद्र जैन उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.